अमर उजाला

20-5-2025

विद्यार्थियों को सफलता के गुर बताए

अंबाला। अंबाला छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के मार्गदर्शन में स्टार्टअप की सफलता के लिए मेंटरिंग पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए गाइड करना और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाना है। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि डॉ अनिल जैन का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि स्टार्टअप का संचालन करना और उन्हें सफल बनाना चुनौतीपूर्ण काम है। इस क्षेत्र में समझदारी और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है और यहां मेंटरिंग का महत्व उत्कृष्ट होता है। मेंटर्स उद्यमिता के अनुभव को सांझा करते हैं। **संवाद**